कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोड:- 211002

दूरभाष सं0/ फैक्स नं0:- 0532-2466769, 0532-2467504 Website: https:\\updeled.gov.in
ई-मेल आई डी:- secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com

विज्ञप्ति

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2023 हेतु ऑन-लाइन आवेदन की अंतिम तिथि में पुनः वृद्धि

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं0 704/अरसठ-4-2023-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4, लखनऊ दिनांक 08.08. 2023 द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2023 में ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 24.08.2023 निर्धारित थी। गतिमान ऑनलाइन आवेदन में तकनीकी कठिनाईयों के कारण आवेदकों को उत्पन्न असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासनादेश सं0 828/अरसठ-4-2023-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4, लखनऊ दिनांक 24.08.2023 द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में पुनः वृद्धि की गयी है।

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2023 में वेबसाइट https://updeled.gov.in के द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण गतिमान है। शासनादेश दिनांक 24.08.2023 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार ऑनलाइन आवेदन पूर्ण किये जाने हेतु संशोधित समय-सारिणी निम्नवत है -

1.	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	31, अगस्त 2023
2.	ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	02, सितम्बर, 2023
3.	पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि	05, सितम्बर, 2023

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे। पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 29.05.2023 एवं 09.08.2023 में दिये गये शेष दिशानिर्देश एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

24.8.2023
(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज

पृ0सं0/ डी0एल0एड0 प्रशि0 2023/ 2998-3005 /2023-24 दिनांक: 24.08.2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव, महोदय के संज्ञानार्थ।
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्री राजेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023 के ऑनलाइन आवेदन से सम्बन्धित समुचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक गवर्मेन्ट बिजनेस शाखा, लखनऊ।
7. समस्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।
8. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य, निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।

24.8.2023
(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज